## संपादकीय

# महा-म्यूजिकल चेयर

महाराष्ट्र में शु वार की शाम और शनिवार की सुबह के बीच घटनाचक्र इतनी तेजी से घूमेगा, ऐसा शायद ही किसी ने सोचा हो। देर शाम तक यह लगभग तय हो गया था कि राज्य में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की सरकार बनेगी। तीनों पार्टियों में सत्ता में हिस्सेदारी के फॉर्म्युले पर भी आम राय बन गई थी। अचानक प्रदेश एनसीपी अध्यक्ष और पार्टी विधायक दल के नेता अजीत पवार ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें पार्टी के सभी 54 विधायकों का समर्थन पत्र यह कहते हुए सौंपा कि वे बीजेपी के साथ हैं। अगली सुबह जब तक किसी को कुछ खबर होती, न केवल राज्य से राष्ट्रपति शासन उठा लिया गया बल्कि देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री और अजीत पवार को उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ भी दिला दी गई।

स्वाभाविक रूप से तमाम विपक्षी दल इस पर उद्वेलित हैं। वे न केवल केंद्र सरकार और राज्यपाल के आचरण पर सवाल उठा रहे हैं बल्कि अजीत पवार के कृत्य को धोखाधड़ी भी करार दे रहे हैं। यह सही है कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने जिस तरह की तत्परता राष्ट्रपति शासन लगाने और फिर हटाने की सिफारिश भेजने में दिखाई, उसे कोई अच्छा उदाहरण नहीं माना जाएगा, लेकिन मामले का दूसरा पहलू यह है कि राज्यपाल ने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाकर कोई असंवैधानिक कार्य नहीं किया है। आखिर फडणवीस विधानसभा चुनाव के बाद उभरी सबसे बड़ी पार्टी के विधायक दल के नेता हैं।

संविधान के मुताबिक राज्यपाल जिसे भी उपयुक्त समझें सरकार गठन का मौका दे सकते हैं, सो उन्होंने मौका दिया है। हां, इसके बाद करने को उनके पास ज्यादा कुछ नहीं बचता। बोम्मई केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि विधायकों के बहुमत का निर्णय सदन के पटल पर ही हो सकता है, कहीं और नहीं। अगले शनिवार प्रदेश राजनीति की दशा और दिशा भी वहीं से तय होगी। राजनीति में अजीत पवार का प्रताप-प्रभाव अब तक अपने चाचा शरद पवार की छाया के चलते ही था। पहली बार वे इस छाया से बाहर निकले हैं। देखना होगा कि पार्टी पर या विधायकों पर उनकी पकड़ वास्तव में कितनी है। विधानसभा में कितने विधायक वे अपने साथ ला पाते हैं।

महाराष्ट्र की राजनीति के शिखर पुरुष शरद पवार को भी उम्र के इस पके मोड़ पर विकट राजनीतिक परीक्षा से गुजरना पड़ेगा। प्रदेश में एक अनूठा राजनीतिक प्रयोग उनके प्रयासों की बदौलत शुरू हो रहा था जो उनकी ही नाकामी के चलते बीच में अटक गया। शिवसेना और कांग्रेस की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। क्या वे पार्टी और प्रकारांतर से प्रदेश राजनीति पर अपनी मजबूत पकड़ का सबूत पेश करते हुए बीजेपी के इस चरखी दांव को नाकाम कर पाएंगे? आगे की राजनीति का स्वरूप काफी हद तक इसी सवाल के जवाब पर निर्भर करेगा, जिसके लिए हमें सदन में विश्वास प्रस्ताव के नतीजों का इंतजार करना होगा।

# पीबीएल नीलामी में सिंधू, ताइजू के लिए सर्वाधिक 77 लाख की बोली

**नई दिल्ली ।** विश्व चैंपियन पीवी सिंधू को यहां प्रीमियर बैडमिंटन लीग के पांचवें सत्र की नीलामी में मंगलवार को हैदराबाद हंटर्स ने 77 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ बरकरार रखा। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग के लिए गत चैंपियन बेंगलुरू रैपटर्स ने 77 लाख रुपये की संयुक्त रूप से सर्वोच्च बोली लगाई। रैपटर्स ने बोली में पुणे 7 एसेस को पछाड़कर ताइ जू को अपने साथ जोड़ा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बी साई प्रणीत को रैपटर्स की टीम ने 32 लाख रुपये खर्च करके अपने साथ बरकरार रखा। चेन्नई सुपरस्टार्ज ने पुरुष युगल खिलाड़ी बी सुमित रेड्डी को 11 लाख रुपये जबकि पुणे 7 एसेस ने चिराग शेट्टी को 15 लाख 50 हजार रुपये खर्च करके अपने साथ जोड़े रखा। दुनिया की नौवें नंबर की अमेरिकी महिला एकल खिलाड़ी बेइवान झेंग भी अवध वारियर्स के साथ बकरार रहेंगी जिनके लिए टीम ने 39 लाख रुपये खर्च किए। राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद की बेटी गायत्री गोपीचंद को चेन्नई की टीम ने चुना जबकि असम की युवा खिलाड़ी अश्मिता चालिहा को उनकी घरेलू टीम नार्थ ईस्टर्न वारियर्स ने तीन लाख रुपये में खरीदा। पीबीएल के पांचवें सत्र की चमक हालांकि उस समय कुछ फीकी हो गई जब लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर ध्यान देने के लिए इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। साई प्रणीत, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी सहित 154 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा थे। पीबीएल का अगला सत्र 20 जनवरी से नौ फरवरी तक खेला जाएगा जिसमें 74 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद और लखनऊ में होने वाली इस 21 दिवसीय प्रतियोगिता में सात टीमें अवध वारियर्स (लखनऊ), बेंगलुरु रेपटर्स (बेंगलुरु), मुंबई राकेट्स (मुंबई), हैदराबाद हंटर्स (हैदराबाद), चेन्नई सुपरस्टार्ज (चेन्नई), नार्थ ईस्टर्न वारियर्स (पूर्वोत्तर) और पुणे 7 एसेस (पुणे) की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास खर्च करने के लिए दो करोड़ रुपये थे लेकिन वे एक खिलाड़ी पर 77 लाख रुपये से अधिक खर्च नहीं कर सकती थी।

# अमेरिका, चीन शुरुआती व्यापार समझौते को लेकर आगे बढ़ने पर सहमत

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन और अमेरिका के शीर्ष व्यापार वार्ताकारों ने फोन पर बातचीत कर उनके बीच चल रहे व्यापार युद्ध को शांत करने की दिशा में पहल करते हुये शुरुआती समझौते पर काम करते रहने पर सहमति जताई है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त प्रपत्र में कहा की चीन के उप-प्रधानमंत्री लिउ हे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि राबर्ट लाइटहाइजर और वित्त मंत्री स्टीवन म्नुचिन से मंगलवार प्रातः बातचीत की। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा, ''दोनों पक्षों ने एक दूसरे की मुख्य चिंताओं से जुड़े मुद्दों के समाधान पर गौर किया और इस बात पर सहमति जताई कि इनसे जुड़े मुद्दों का भी उपयुक्त तरीके से समाधान किया जाना चाहिये। साथ ही दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुये कि पहले दौर की बातचीत में जो मुद्दे रह गये हैं उनको लेकर आपस में संपर्क में बनाये रखेंगे।''चीन के वाणिज्य मंत्रालय की इस घोषणा की हालांकि, अमेरिका की तरफ से तुरंत कोई पुष्टि नहीं की गई।

# मारुति की आल्टो ने 38 लाख के बिक्री आंकड़े को पार किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि उसकी शुरुआती स्तर की छोटी कार आल्टो ने 38 लाख का बिक्री आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी की यहां जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुये कहा गया है कि आल्टो ने 10 लाख का बिक्री आंकड़ा 2008 में पार कर लिया था। इसके बाद 2012 में 20 लाख और 2016 में 30 लाख कारों के आंकड़े को पार कर लिया। कंपनी ने यह कार 2000 में बाजार में उतारी थी। एमएसआई ने कहा कि मारुति आल्टो लगातार 15 साल तक भारत की सबसे बेहतर बिक्री वाली कार बनी रही। एमएसआई के कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, ''बेहतर डिजाइन, आसान परिचालन, उच्च ईंधन क्षमता, उन्नत सुरक्षा उपायों और आसान रखरखाव के चलते आल्टो पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों की पहली पसंद रही है। '' कंपनी ने इस साल बीएस6 मानकों पर खरी उतरने वाली आल्टो को पेश किया है जिसकी ईंधन दक्षता 22.05 किलोमीटर प्रति लीटर तक है।

## अतनु दास ने एशियाई तीरंदाजी में कांस्य जीता

**बैंकाक।** भारतीय तीरंदाज अतनु दास ने एशियाई चैम्पियनशिप के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता । भारतीय तीरंदाजी महासंघ के निलंबन के कारण दास विश्व तीरंदाजी संघ के ध्वज तले खेल रहे हैं । उन्होंने कोरिया के जिन हायेक ओह को कांस्य पदक के शूटआफ मुकाबले में 6 . 5 से हराया । उन्होंने मिश्रित रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी के साथ कांस्य पदक हासिल किया ।

# आयकर विभाग के 21 और अफसर जबरन रिटायरमेंट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने आयकर विभाग के ऐसे 21 और अधिकारियों को मंगलवार को अनिर्वाय सेवानिवृत्ति दे दी जिन पर भ्रष्टाचार और अन्य आरोप हैं। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सूत्रों ने यहां बताया कि ग्रुप बी के आयकर अधिकारी (आईटीओ) स्तर के 21 अधिकारियों को जनहित में मौलिक नियम 56 (जे) के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गयी है।

इनके विरूद्ध भ्रष्टाचार और अन्य आरोप तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पकड़े जाने के मामले चल रहे हैं। इनको लेकर अब तक कुल 85 अधिकारियों को अनिवार्य

सेवानिवृत्ति दी जा चुकी है जिसमें से 64 वरिष्ठ कर अधिकारी शामिल हैं। उनमें से 12 आयकर विभाग के अधिकारी हैं। जिन अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी है उनमें राजमुंदरी में पदस्थ सीएच राजाश्री , विशाखापत्तनम में पदस्थ बी श्रीनिवास राव, हैदराबाद में पदस्थ जी वेंकटेश्वर राव, विशाखापत्तनम में पदस्थ पी वेंकटेश्वर राव, श्रीमती लक्ष्मी नीरज, हजारीबाग में पदस्थ विनोद कुमार पाल, हजारीबाग में ही पदस्थ तरूण राय , मुंबई में पदस्थ सुश्री प्रीत बाबुकुट्टन, मुंबई में पदस्थ विजय कुमार कोहाड़, मुंबई में पदस्थ टी वी मोहन, ढाणे में पदस्थ अनिल मल्लेल,ढाणे में ही पदस्थ माधवी चव्हाण, आईटीओ मुख्यालय में पदस्थ एम डी जगदाले, राजकोट में पदस्थ राजेन्द्र सिंघल, गुजरारत में पदस्थ जे बी सिंह, जोधपुर में पदस्थ आर के बोथरा, जोधपुर में ही पदस्थ आर एस सिसोदिया, सवाई माधोपुर में पदस्थ के एल मीना, बीकानेर में पदस्थ एव के फुलवरिया, उज्जैन में पदस्थ अजय विरेह और भोपाल में पदस्थ आर सी गुप्ता शामिल हैं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंगः स्टीव स्मिथ के करीब पहुंचे विराट कोहली, मयंक अग्रवाल पहली बार टॉप 10 में

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मंगलवार को टेस्ट रैंकिंग जारी की है। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर मयंक अग्रवाल ने अपने दोहरे शतक और जबर्दस्त बल्लेबाजी की बदौलत टॉप 10 में जगह बना ली है। मंगलवार को आईसीसी ने रैंकिंग जारी की है जिसमें टॉप 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी मौजूद हैं। इसमें विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल का नाम है। बल्लेबाजी के मामले में स्टीव स्मिथ 931 अंकों के साथ टॉप पर हैं और बेन स्टोक नंबर 9 पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में विराट कोहली नंबर दो पर हैं। इसमें पांच स्थानों तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। विराट और स्टीव स्मिथ के बीच अब तीन अंक का ही अंतर रह गया है ।

मयंक अग्रवाल पहले 13वें स्थान पर थे लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाने के बाद वह 10वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं रोहित शर्मा तीन स्थान नीचे चले गए हैं और टॉप 10 में जगह नहीं बना पाए।

# हिना खान संग विक्रम भट्ट की फिल्म जनवरी में रिलीज होगी...

बिग बॉस फेम हिना खान जल्द ही बड़े पर्दे पर कदम रखने जा रही हैं. हाल ही में उनकी फिल्म हैक्ड की रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है. हिना खान की पहली फिल्म अगले साल 31 जनवरी को रिलीज होगी. इस फिल्म में हिना खान के साथ रोहन शाह, मोहित मल्होत्रा और सिड मक्कर नजर आएंगे . फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं.

फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस करते समय फिल्म से हिना खान का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है. इस लुक में हिना खान मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके पीछे विक्रम भट्ट खड़े नजर आ रहे हैं. आपको बता दें कि ये फिल्म एक थ्रिलर होगी जिसमें सोशल मीडिया से जुड़ी कहानी दिखाई जाएगी.

अपनी फिल्म को अनाउंस करते हुए हिना खान ने बताया था कि उनकी फिल्म ऑनलाइन हैकिंग से जुड़ी है. उन्होंने अपनी फिल्म अनाउंस करते हुए लिखा था, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया पर हमारी बहुत सी निजी जानकारियां उपलब्ध हैं. अगर कोई इसका गलत इस्तेमाल

करना चाहे तो वह सामने वाले की जिंदगी में तबाही मचा सकता है, और यही मेरी कहानी का आधार है जो इन दिनों काफी कॉमन है.

हैक के अलावा भी हिना खान के पास कई और प्रोजेक्ट्स हैं. इसके अलावा वो हुसैन खान की महिला केंद्रित फिल्म लाइन्स में भी नजर आएंगी. फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म कर ली गई है. फिल्म लाइन्स 90 के दशक के कश्मीर पर आधारित है. इसमें हिना के साथ ऋषि भूटानी और फरीदा जलाल भी हैं.

इसके अलावा हिना खान एक वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं. इसमें हिना खान एक्टर अध्ययन सुमन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी. जल्द ही वेब शो डैमेज्ड के दूसरे सीजन में नजर आएंगे. यह वेब शो एक साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा है.

## आज का राशिफल

*मेषः-* काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। भाग्य आपका साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। आज सकारणीय दूर की यात्रा हो सकती है।

*वृषभः-* आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए।

*मिथुनः-* आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है।

*कर्कः-* आज का दिन किसी बहन-भाई की चिंता टहल सेवा में व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं।

*सिंहः-* आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है।

*कन्याः-* आपकी राशि का स्वामी बुध तुला में आ चुका है, मंगल के साथ अस्त है। विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ सकती है।

*तुलाः-* आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं।

*वृश्चिकः-* आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी।

*धनुः-* आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है।

*मकरः-* आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

*कुंभः-* उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा।

*मीनः-* उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व आध्यात्म में रूचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें।

# मोनिका भदौरिया ने छोड़ा तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6 साल से थीं शो का हिस्सा

तारक मेहता का उल्टा चश्मा सालों से टीआरपी में बना हुआ है और हर कोई इस कॉमिडी शो को पसंद करता है। लेकिन इस शो में अहम किरदार निभाने वाली एक कलाकार ने यह शो छोड़ दिया है। इस ऐक्ट्रेस का नाम है मोनिका भदौरिया। मोनिका इस शो में बागा की गर्लफ्रेंड बावरी का रोल प्ले कर रही थीं।

मोनिका ने बताया कि उन्होंने तारक मेहता... छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, हां मैंने शो छोड़ दिया है। इस बात को 2 महीने से भी ज्यादा हो चुके हैं। मैं अपने निभाए किरदार को बहुत मिस करूंगी क्योंकि इसे मैंने अपने हिसाब से ढाला था।

कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया कि मोनिका भदौरिया ने अपनी फीस बढ़ा दी है। लेकिन उन खबरों का खंडन करते हुए मोनिका ने कहा, मैंने तारक मेहता का उल्टा चश्मा सौहार्दपूर्ण तरीके से छोड़ा है और किसी से कोई बैर नहीं है।

बता दें कि मोनिका करीब 6 साल से इस कॉमिडी शो का हिस्सा थीं और पिछले कुछ वक्त से शो में नजर नहीं आ रही थीं। अब देखना यह होगा कि उनका अगला प्रॉजेक्ट क्या होगा।

## चेहरे में कृति खरबंदा की जगह होंगी क्रिस्टल डिसूज़ा

अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की फिल्म चेहरे पिछले काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म में अमिताभ और इमरान के अलावा कृति खरबंदा को कास्ट किया गया था। हालांकि हाल में खबर आई कि कृति पहले शेड्यूल की शूटिंग के बाद इस फिल्म को छोड़ दिया है। अब फिल्म के लिए नई हिरोइन को ढूंढा जा रहा है। इसके बाद खबर आ रही थी कि मौनी रॉय और अंकिता लोखंडे से कृति खरबंदा वाले रोल के लिए बात हो रही थी। अब कुछ रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि मौनी या अंकिता नहीं बल्कि क्रिस्टल डिसूजा इस किरदार को निभाने जा रही हैं। क्रिस्टल डिसूजा टेलिविजन की जानी-मानी ऐक्ट्रेस हैं। उन्होंने एक हजारों में मेरी बहना है, एक नई पहचान और ब्रह्मराक्षस जैसे पॉप्युलर सीरियल में काम कर चुकी हैं।

# जानिए कैबेज पाई बनाने की विधि...

## सामग्री -

पत्ता गोभी एक
तीन अंडे
नमक स्वाद अनुसार
काली मिर्च छोटी एक चम्मच
एक कप आटा
तेल तीन से चार चम्मच
पेस्ट रेडी करें

## विधि -

सबसे पहले आप पत्ता गोभी को अच्छे से धुल कर उसे बारीक काट लें। अब इसमें आप तीन अंडे डालकर उसे अच्छे से मिक्स कर लें। अंडों को मिक्स करने के बाद आप इसमें एक छोटी चम्मच काली मिर्च पाउडर और नमक स्वाद अनुसार डाल लें। इतना करने के बाद अब आप इसमें एक कप आटा डाल लीजिये और इसको अच्छे से मिक्स कर लीजिये। पैन में डालकर बनाएं नाश्ता पेस्ट रेडी होने के बाद एक पैन में तीन से चार चम्मच तेल डालें और उसे गर्म होने दें। तेल गर्म होने के बाद आप उसमें रेडी पेस्ट को डालें लेकिन दोस्तों ध्यान रहे ज्यादा मोटी लेयर ना बनाएं मीडियम लेयर ही रखें जिससे की वह अच्छे से अंदर तक पक सकें। पेस्ट की एक लेयर रेडी होने के बाद आप उसे मीडियम गैस पर पकाएं। एक साइड से पकने के बाद उसे पलट कर दूसरी तरफ से भी अच्छे से पका लीजिये। बस, जैसे ही लेयर की दूसरी साइड पक जाए तो उसे गैस से उतार दीजिये। लीजिये तैयार है आपका नाश्ता गरमा गरम टेस्टी और हेल्थी नाश्ते का आनंद लें। आप इसे चिली सॉस या फिर टोमटो सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं। आप चाहे तो इसके साथ चाय की चुस्की भी ले सकते हैं जो आपके नाश्ते को अलग ही टेस्ट देगी।

## शब्द सामर्थ्य- 56

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |